उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

या राजनीतिक शक्ति के माध्यम से अनपेक्षित लाभ प्राप्त करने की कोशिश करता है।

→ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में संशोधन के माध्यम से आपूर्ति पक्ष को भी शामिल किया गया है और रिश्वत लेना व देना दोनों को अपराध की श्रेणी में लिया गया है।

किन्तु वर्तमान में आपूर्ति पक्ष पकड़े जाने की दशा में स्वयं को निर्दोष बताने हेतु सिविल सेवक पर दबाव डालने का आरोप लगाते हैं।

इस समस्या को दूर करने के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में संशोधन के माध्यम से सुधार किए जाने की आवश्यकता है, साथ ही उच्च सत्यनिष्ठा वाले सिविल सेवकों को सेवा में आकर्षित करने की आवश्यकता है ताकि मांग व आपूर्ति दोनों पक्षों को नियंत्रित किया जा सके।

iv) कंपनी की नीति (खुले व मैत्रीपूर्ण) में विश्वास करे या न करे। (एक ईटर्न के तौर पर)

उत्तर (b) यहाँ रीना के पास निम्नलिखित विकल्प हैं :-

① वह इन बातों को नजरअंदाज कर अपने काम में ध्यान दे।

| (गुण) | (दोष) |
|---|---|
| • इससे उसके आगे बढ़ने और कैरियर में अच्छा करने में सहायता मिलेगी। • वह निरर्थक चिंता से बच सकती है। | • यदि VP द्वारा किसी प्रकार का दुर्व्यवहार या क्षति पहुँचाई गई तो उसकी छवि भी खराब हो सकती है। |

② वह आधिकारिक रूप से अपने प्रबंधक से शिकायत करे।

| (गुण) | (दोष) |
|---|---|
| • इससे उसकी दुविधा व चिन्ताओं का निराकरण हो सकता है। | • यदि प्रबंधक VP के पक्ष में हो तो इससे दीर्घकाल में रीना को समस्या हो सकती है। |

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

- साथ ही भूवैज्ञानिकों द्वारा प्रकट की जाने वाली चिन्ताएँ भी निराधार नहीं है।

(4) राष्ट्रीय हित बनाम साझा हित → महासागर साझी संपत्ति है और इसका किसी एक समुदाय द्वारा उपयोग किया जाना कितना नैतिक है, यह प्रश्नगत है।

साथ ही देश के गरीबी, आर्थिक पिछड़ेपन आदि को देखते हुए, नए संसाधनों व अवसरों की खोज अनिवार्य आवश्यकता के रूप में दिखाई देती है।

(5) लाभप्रदता बनाम अनुसंधानात्मक व्यय :- यदि समुद्री खनन लाभप्रद न हो तो सभी व्यय का क्या अर्थ होगा यह चिन्ताजनक है। साथ ही अनुसंधान से प्राप्त निष्कर्षों के उपयोग भी संदिग्ध हैं।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए Candidates must not write on this margin

पाई जाती है, तो सक्षम प्राधिकारियों को दंडित भी किया जाए व जवाबदेहिता सुनिश्चित की जाए।

(5) लोगों की मुख्य चिंता क्षेत्र की वहन क्षमता व यातायात की समस्या है अतः इस परिप्रेक्ष्य में अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है।

(6) आवश्यकता पड़ने पर सड़कों को चौड़ा भी किया जा सकता है या वहन क्षमता न होने पर परियोजना के आकार को भी कम किया जा सकता है।

(7) यहाँ धार्मिक स्वतन्त्रता का अधिकार भी प्रश्नगत है किन्तु यह जीवन के अधिकार से बड़ा प्रश्न नहीं है।

(8) यहाँ दोनों पक्षों के नेतृत्व को प्रशासन के साथ लाकर एक साझा नीति बनाने की आवश्यकता है।

उत्तर (b) (1) धार्मिक ~~निका~~ निर्माण की अनुमति देना

गुण — प्रशासनिक संसाधनों से मुक्ति
— प्रक्रियागत पालन सुनिश्चित

दोष — ध्रुवीकालिक टकराव व प्रदर्शन
— स्थानीय असंतोष
— पर्यावरणीय क्षति.

(2) नागरिकों के पक्ष में निर्णय देना

गुण — स्थानीय समुदाय का समर्थन
— पर्यावरणीय चिंताएँ समाप्त

दोष — लोगों की उपासना का अधिकार बाधित
— प्रशासन पर धार्मिक पूर्वाग्रह का आरोप

(3) एक समझौते पर पहुँचना.

गुण — दोनों पक्षों की सहमति
— भविष्य के मन मुटाव व असंतोष से मुक्ति

दोष — अतिरिक्त प्रशासनिक दबाव
— प्रक्रियात्मक बोझ

अतः तृतीय विकल्प ही उचित है।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

